भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1487
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं

1487. श्री धनुष एम. कुमार:
श्री जी. सेल्वम :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश के युवाओं के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं कार्यान्वित की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा बेहतर कार्यान्वयन के लिए आबंटित/ उपयोग की गई धनराशि का राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को उक्त योजना के कार्यान्वयन के दौरान किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और इस संबंध में अब तक क्या उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में युवाओं के कल्याण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : जी हां । युवा कार्यक्रम विभाग देश के युवाओं के कल्याण के लिए विभिन्न स्कीमों को कार्यान्वित करता है । इन स्कीमों का विवरण निम्नानुसार है :

(i) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) एक प्रमुख स्कीम है जिसमें निम्नलिखित 07 उप-स्कीमों का विलय किया गया है :

1. नेहरू युवा केंद्र संगठन
2. राष्ट्रीय युवा कोर
3. राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम
4. अंतरराष्ट्रीय सहयोग
6. युवा छात्रावास
7. स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता
8. राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)

(ग) युवा कार्यक्रम विभाग पूरे देश में युवाओं के विकास के लिए धनराशि प्रदान करता है । मंत्रालय द्वारा धनराशि का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार नहीं । पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देशभर में प्रदत्त और उपयोग में लाई गई कुल धनराशि का स्कीम-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) हाल ही में, अमृत काल के दौरान युवा कार्यक्रम विभाग के तहत एक व्यापक सक्षम तंत्र-मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई है जो 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है । इस तंत्र के माध्यम से युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और 2047 तक अमृत भारत के निर्माण के लिए अवसरों तक समान पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी ।

****

अनुबंध

"युवाओं के कल्याण के लिए योजनाएं" के संबंध में श्री धनुष एम. कुमार और श्री जी. सेल्वम द्वारा दिनांक 12.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1487 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

युवा कार्यक्रम विभाग

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	स्कीम	2020-21			2021-22			2022-23			2023-24	
		बीई	आरई	व्यय	बीई	आरई	व्यय	बीई	आरई	व्यय	बीई	व्यय *
क	सचिवालय सामाजिक सेवा व्यय	33.00	30.00	29.35	35.00	34.02	32.19	38.10	38.10	34.85	43.23	27.67
	कुल- क	**33.00**	**30.00**	**29.35**	**35.00**	**34.02**	**32.19**	**38.10**	**38.10**	**34.85**	**43.23**	**27.67**
ख	राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके एक प्रमुख स्कीम)											
1	नेहरू युवा केंद्र संगठन	300.00	267.75	267.75	326.50	365.00	318.12	325.00	356.44	337.45	401.49	289.80
2	राष्ट्रीय युवा कोर	90.00	60.00	57.55	75.00	57.50	51.45	75.00	75.00	65.93	75.00	31.96
3	राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम	23.00	20.00	12.79	21.00	24.00	14.90	22.00	26.35	18.04	22.00	0.02
4	अंतरराष्ट्रीय सहयोग	30.00	6.92	6.39	14.00	14.00	8.90	20.00	20.00	14.37	23.11	6.56
5	युवा छात्रावास	20.00	3.00	1.89	6.00	4.00	1.99	7.50	3.90	2.95	6.90	0.38
6	स्काउटिंग और गाइडिंग	1.50	0.75	0.00	1.50	1.50	0.38	1.50	0.75	0.75	1.50	0
7	युवा नेता कार्यक्रम	22.00	4.35	2.70	14.00	8.00	4.66	12.00	12.00	8.47	12.00	0
कुल- ख		**486.50**	**362.77**	**349.07**	**458.00**	**474.00**	**400.39**	**463.00**	**494.44**	**447.96**	**542.00**	**328.72**
ग	राष्ट्रीय सेवा योजना	172.00	72.98	84.29	165.00	231.00	170.65	283.50	214.12	186.79	325.00	**36.43**
घ	राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान	35.00	21.00	21.00	32.00	25.00	25.00	24.00	19.00	18.90	24.50	**12.75**
	सकल योग	**726.50**	**486.75**	**483.71**	**690.00**	**764.02**	**628.23**	**808.60**	**765.66**	**688.50**	**934.73**	**405.57**

* 30.11.2023 तक ई-लेखा के अनुसार ।

****